ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 29-09-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-09-29 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-09-30	2023-10-01	2023-10-02	2023-10-03	2023-10-04
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	38.0	39.0	39.0	39.0	38.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	25.0	24.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	33	24	20	26	33
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	10	9	10	12	13
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10	9	13	16	22
पवन दिशा (डिग्री)	241	252	253	240	234
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 38.0 से 39.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 24.0 से 25.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई अच्छी गुणवता के लिये बाजरा, मूँग तथा तिल की फसल को अच्छी तरह धुप में सुखाने के बाद ही थ्रेसिंग करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम साफ और शुष्क रहने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
ग्वारफली	ग्वार की फसल पकाव अवस्था पर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे।
मूँगफली	मूंगफली की फसल पकाव अवस्था पर है इसलिए जमीन खोदकर देख ले कि फलिया पक गई है या नहीं। अगर 80 प्रतिशत फलियां पक गई हो तो मूंगफली की खुदाई करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की बुवाई का उपयुक्त समय असिंचित क्षेत्रों में अक्टूबर माह का प्रथम सप्ताह तथा सिंचित क्षेत्रों में 15 से 25 अक्टूबर है अतः चने की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे सी. 235, आर.एस.जी. 44, जी.एन.जी. 663 वरदान, जी.एन.जी. 2144 तीज, जी.एन.जी. 2171 मीरा, जी.एन.जी. 1488 संगम एंव आर.एस.जी. 896।
सरसों	सरसों/राया की बुवाई का उपयुक्त समय सिंचित क्षेत्रों में 01 से 25 अक्टूबर तथा असिंचित क्षेत्रों में 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर है अतः सरसों/राया की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की व्यवस्था करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	शीतकालीन टमाटर की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। पूसा रूबी, पूसा-120, अर्का विकास, सोनाली, पूसा हाइब्रिड-1 पूसा हाइब्रिड-2 व पंत बहार उन्नत किस्मों की बुवाई करें। 400-500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए उपयुक्त है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	भेड़ व बकरी को पी.पी.आर.,फड़किया व चेचक रोग के प्रति टीके लगवाएं।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	दिन के तापमान को देखते हुए नए लगाए गए फलों के पौधों और सब्जियों के खेतों में मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखें।
सामान्य सलाह	अगर सम्भव हो तो खरीफ फसलों की कटाई के बाद खाली खेत में 8-10 टन गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर में डालें जो मृदा के भौतिक व जैविक गुणों को बडाती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बडती है।